तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 31 दिसंबर 2024

11 कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनीं आम नागरिकों...



12 गौरघाट खरीदी केन्द्र में बारदाना की है कमी, किसानों ने...





।। बाबा ऊँ श्री शिव ।।
नवकार ज्वेलर्स
सच्चा सौदा ईमानदारी का
राजिम नवापारा, रायपुर

सावधान सावधान
चाइना गोल्ड से सावधान
नवकार ज्वेलर्स राजिम में अब जापानी तकनीक से युक्त सोने की शुद्धता जांचने की मशीन

जापानी तकनीक से यूक्त मशीन
सोने की शूद्धता एवं कैरेट की जांच
निःशुल्क सोने की शूद्धता जांच
चाइना गोल्ड से बचने का उपाय

नवकार ज्वेलर्स राजिम में मशीन द्वारा अपने सोने की शुद्धता की जांच करवाएं तथा यह सुनिश्चित करें की आपका सोना असली है या चाइना



ग्रीन वेल सबमर्सिबल पंप
अधिकृत विक्रेता :
श्री बजरंग इलेक्ट्रिकल्स
कम वोल्टेज में ज्यादा पानी देने वाला ग्रीन वेल सबमर्सिबल पंप
बस स्टैण्ड, नवापारा, मो. 98278-87946, 93400-18107
V4,V5,V6 एवं 50 फीट हेड वाला सबमर्सिबल पंप



## खबर संक्षेप

### ग्रामीणों को कुत्तों ने काटा, इलाज जारी

**मैनपुर**। तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगे ग्राम मैनपुरकला एवं नहानबिरी में सोमवार को दो लोगों को आवारा कुत्तों ने काट दिया जिससे ग्रामीण घायल हो गए ग्रामीणों का इलाज मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य में किया जा रहा है। ज्ञात हो कि पिछले कुछ दिनों से मैनपुर क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आंतक बढ़ गया है आए दिनों लोग कुत्तों के काटने का शिकार हो रहे हैं।

### मतदान अधिकारी का प्रशिक्षण आज

**मैनपुर**। तहसील मुख्यालय मैनपुर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैनपुर में 31 दिसंबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक दो पाली में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 के लिए पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 01 का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उक्त जानाकरी रिटर्निंग आफिसर पतिराम साहू द्वारा दी गई है।

### सरकड़ा में मड़ई आज

**पाण्डुका**। ग्राम सरकड़ा में 31 दिसम्बर को मड़ई मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें रात्रिकालीन दर्शकों के मनोरंजन के लिए रंग संध्या छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम झलप (पटेवा) की प्रस्तुति होगी। उक्त जानकारी सरकड़ा के ग्रामीण अध्यक्ष बाबू लाल साहू, ग्रामीण सचिव भुनेश्वर निषाद सरकड़ा ने दी।

### महिला को सर्प ने डसा, रिफर

**मैनपुर**। तहसील मुख्यालय मैनपुर से 30 किलो मीटर दूर ग्राम मोंगराडीह में 25 वर्षिय यशोदा बाई को घर के बाड़ी में कार्य करते समय जहरीले सर्प ने काट किया महिला को समय पर अस्पताल लाया गया। जहां पर उनका प्रारंभिक उपचार किया गया और जिला अस्पताल रिफर किया गया है।

विडंबना : स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव, इलाज के लिए मैनपुर, गरियाबंद, ओडिशा पर निर्भर


# ओढ़ आमामोरा के ग्रामीणों को नहीं मिल रहा शुद्ध पेयजल, झरिया का पानी पीने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

खास खबर

दुर्गम पहाड़ी के ऊपर बसे विशेष पिछड़ी कमार जनजाति आदिवासी बाहूल्य ग्राम पंचायत ओढ़ एवं आमामोरा के ग्रामीण आजादी के 75 वर्षों बाद भी पीने के पानी के लिए मीलो पैदल दूरी तय करते है और झरिया खोदकर पानी लाते हैं तब कहीं जाकर उनकी प्यास बुझती है। स्वास्थ्य सुविधा का हाल बेहाल है। आज भी यहां के ग्रामीणों को इलाज के लिए मैनपुर गरियाबंद या तो ओड़िसा के सोनाबेड़ा जाना पड़ता है। अभी तक गांव में बिजली की रौशनी नहीं पहुंची है सौर उर्जा लगया गया है लेकिन वह महज घंटा दो घंटा जलने के बाद पूरी रात ग्रामीणों को अंधेरे में जीवन यापन करना पड़ रहा है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 36 किलो मीटर दूर ग्राम पंचायत ओढ़ स्थित है ग्राम पंचायत ओढ़ के आश्रित ग्राम हथौड़ाडीह अमलोर, नगराल, सरईपारा एवं यहां से 8 किलो मीटर दूर पहाड़ी के उपर एक दूसरे ग्राम पंचायत आमामौरा है जिसके आश्रित ग्राम जोकपारा, कुकराल है दोनों ग्राम पंचायत ओढ़ एवं आमामोरा की जनसंख्या लगभग 2000 के आसपास है और यहां विशेष पिछड़ी कमार जन जाति के साथ आदिवासी बाहूल्य ग्राम पंचायत ▶▶ शेष पेज 10 पर

### अभी तक गांव में नहीं पहुंची बिजली की रोशनी



### इलाज के लिए ओडिशा जाना मजबूरी

पहाड़ी के ऊपर ओढ़ आमामोरा ग्राम पंचायत एवं आश्रीत ग्रामो के लोगों के द्वारा वर्षों से यहां एक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने की मांग किया जा रहा है और स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण के लिए एक वर्ष पहले लाखों रुपए राशि स्वीकृत होने की बात बताई जाती है लेकिन अब तक भवन निर्माण नहीं हुआ है। यहां गंभीर घटना दुर्घटना और अत्यधिक बीमार होने पर ग्रामीण मरीज मैनपुर या जिला मुख्यालय गरियाबंद ले जाते है यहां से महज 15 किलो मीटर दूर ओड़िसा के सोनाबेड़ा गांव लगा है जहां इलाज के लिए जाना मजबूरी है। वैसे तो स्वास्थ्य विभाग द्वारा यहां दो स्वास्थ्य कार्यकर्ता की नियुक्ति किया गया है जो सप्ताह में दो दिन जाते हैं लेकिन यह प्रर्याप्त नहीं है। यहां स्थाई रूप से उपस्वास्थ्य केन्द्र खोलकर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलबध कराने की मांग ग्रामीणों ने किया है।



### महिलाएं मीलों दूर से लाती है पानी

पहाड़ी के उपर बसे आमामोरा, ओढ़ एवं आश्रित ग्रामों में हैंडपंप लगाया गया है लेकिन हैंडपंप का पानी आयरन युक्त लाल होने के कारण इसका उपयोग ग्रामीण नहीं कर पाते क्योकि इस पानी से दाल, चावल चाय नहीं बन पाता। मजबूरन ग्रामीण महिलाएं मिलो पैदल दूरी तय कर झरीया खोदकर पानी लाकर प्यास बुझाते हैं कई गांव में पानी की टंकी लगाया गया है जो खराब पड़ा हुआ है और तो और कुंए का भी पानी का उपयोग ग्रामीण करने मजबूर हो रहे है।

### बालिका आश्रम खोलने की मांग

ओढ़ आमामोरा में कक्षा 8वीं तक बालक आश्रम है और इसके आश्रित ग्रामों में शिक्षा व्यव्स्था बदहाल है इस क्षेत्र के बालिकाओं के लिए आश्रम छात्रवास की सुविधा नही होने के कारण मजबूर छात्राओं को कक्षा 5वीं या 8वीं के बाद पढ़ाई छोड़ाना पड़ जाता है। यहां लंबे समय से बालिका आश्रम छात्रावास खोलने की मांग ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है ताकि बालिकाओं को बेहतर शिक्षा हासिंल हो सके। 30 वर्ष पहले मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री अचानक हेलीकाप्टर से ओढ़ पहुंचकर ग्रामीणों के बीच रात बीताई थी। ग्राम पंचायत ओढ़ की सरपंच रामसिंह सोरी एवं आमामोरा सरपंच मैना बाई, विष्णुराम, नर्मदा बाई, जयराम, बाबूलाल, सुखराम, कृष्ण कुमार, रामबती सवेत्री, लखन यादव, अघनतो, पुनीत राम, कंवल सिंह पतिराम, गंभीर सिंह, पुरन मरकाम ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गरियाबंद के कलेक्टर दीपक अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक निखील राखेचा से मांग किया है कि ग्राम आमामोरा ओढ़ तक पक्की सड़क, बिजली, स्वास्थ्य सुविधा, उपस्वास्थ्य केन्द्र, बालिका आश्रम, हाईस्कूल, खोलने के साथ ही मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है।

## 10 वर्षों से लंबित संपत्तियों का किया गया नष्टीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

उच्च न्यायालय बिलासपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रायपुर बलराम प्रसाद वर्मा के निर्देशानुसार जिला एवं अपर सत्र न्यायालय गरियाबंद के मालखाना अनुभाग में 10 वर्षों से लंबित संपत्तियों का निराकरण किया गया। जिला-गरियाबंद के अलग-अलग थानों से जब्त लगभग 11,000 बल्क लीटर जप्त अवैध शराब को न्यायालय परिसर, गरियाबंद में नष्ट किया गया। प्रभारी अधिकारी मालखाना अनुभाग जिला एवं अपर सत्र न्यायालय, गरियाबंद तजेश्वरी देवी देवांगन के निर्देशन में उक्त अवैध शराब का विधिवत नष्टीकरण किया गया। उक्त नष्टीकरण प्रकिया सफलतापूर्वक संपन्न किए जाने के लिए अपर सत्र न्यायाधीश, एफटीएससी यशवंत वासनीकर, तत्कालीन मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, गरियाबंद छाया सिंह, वर्तमान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट , गरियाबंद अनीता ध्रुव, न्यायिक मजिस्टेट कनिष्ठ श्रेणी, गरियाबंद प्रशांत कुमार देवांगन, पुलिस अधीक्षक, गरियाबंद निखिल अशोक राखेचा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार चन्द्राकर, नायब नाजिर प्रवेश शेण्डे, सेल अमीन उमेश कुमार एवं ओमप्रकाश जायसवाल, आरक्षक गरियाबंद का विशेष योगदान रहा। इसके साथ ▶▶ शेष पेज 10 पर



11 हजार लीटर जब्त अवैध शराब को किया नष्ट

## ग्राम कुडेरादादर में बीटगार्ड आवासीय भवन 2 साल से अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला

रूवाड बीट के ग्राम कुडेरादादर में बीटगार्ड का आवासीय भवन दो सालों से अधूरा पड़ा हुआ है। संबंधित निर्माण एजेंसी व विभाग के अधिकारियों की लापरवाही की वजह दोनों भवन का निर्माण पूर्ण नहीं हो पाया है, जिसकी वजह से आज भी बीटगार्ड अपने घर से आना जाना कर रहे हैं। दो साल पहले वन विभाग के बीट गार्ड आवासीय भवन स्वाकृति हुआ और इसका निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया, लेकिन संबंधित निर्माण एजेंसी निर्माण कार्य दो साल बीतते के बाद भी आज तक पूर्ण नहीं करवाया पाएं। भवन विहिन होने के चलते क्षेत्र के बीट गार्ड चौंक चौराहों पर बैठने के लिए मजबूर हो रहे हैं। भवन बनाने के लिए किसी भी जिम्मेदार अधिकारी और एजेंसी के द्वारा कोई रूचि नहीं दिखाई दे रहा है। जिसकी वजह से आज की स्थिति में भी ▶▶ शेष पेज 10 पर



दोपहर 3 बजे बाजे-गाजे के साथ निकलेगी बारात, पिछले वर्ष 9 कन्याओं के हाथ हुए थे पीले

# आज निकलेगी 22 बैलगाड़ी में 11 जोड़े दूल्हे-दुल्हन की बारात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

नवापारा शहर में सामुहिक विवाह का आयोजन 31 दिसंबर को होगा। इसे लेकर पूरे शहर में उत्साह का वातावरण बना हुआ है। श्री सालासर सुन्दरकाण्ड जनकल्याण समिति के संस्थापक राजू काबरा ने बताया कि दोपहर 3 बजे बाजे-गाजे के साथ श्रीराधाकृष्ण मंदिर से 22 सजी-धजी बैलगाड़ियों में 11 जोड़े दुल्हे-दुल्हन की बारात निकलेगी। सामुहिक विवाह के इस कार्यक्रम में समिति के अलावा नगरवासियों का भी भरपूर सहयोग रहता है। पिछले वर्ष 9 कन्याओं के हाथ पीले हुए थे। इस बार 11 कन्याओं का विवाह होने जा रहा है। जिसमें 4 कन्या इसी शहर की है एवं 7 कन्या आस-पास के गांवों की है। उनमें तनु साहू-अंशु कुमार साहू ग्राम-सोनेसिल्ली, खिलेश्वरी साहू -उत्तम कुमार साहू ग्राम- टीला, कामिनी बघेल नवापारा -वीरेंद्र कोसले ग्राम- सेंध, दीक्षा तारक नवापारा -धनेश्वर धीवर ग्राम- सारखी, हेमलता साहू ग्राम- नवागांव - कौशल साहू ग्राम- बिजली, खुशबू साहू ग्राम- बेलटुकरी-जुगल साहू ग्राम- आरंग, झामिन साहू ग्राम- कोमा-थनेश्वर साहू ग्राम- बेलटुकरी, नेमिन यादव ग्राम- कमरौद - गजेन्द्र यादव ग्राम- बोरिदखुर्द, धनेश्वरी साहू ग्राम- कोलर -विशाल साहू ग्राम- तर्रा, इंद्राणी धीवर ग्राम- सारखी -कौशल तारक ग्राम- चंडी, गोमती साहू ग्राम- करेली बड़ी - खेमराज साहू ग्राम- हसदा। खास बात यह है कि इस आयोजन को बेहतरीन बनाने के लिए संस्था के संस्थापक राजू काबरा, अध्यक्ष धरम साहू, तारिणी शर्मा,रूपेंद्र चन्द्राकर, ब्रम्हानंद साहू तन मन धन से लगे हुए है। आयोजन श्रीराधाकृष्ण मंदिर में होने जा रहा है लिहाजा मंदिर परिसर को दुल्हन की तरह सजाया गया है।



सौ.कां.खिलेश्वरी साहू, गोबरा नवापारा संग चि.उत्तम साहू, टीला (अभनपुर)



सौ.कां.हेमलता साहू, नवागांव (लखना) संग चि.कौशल साहू, बिजली (राजिम)



सौ.कां.कामिनी बघेल, गोबरा नवापारा संग चि.वीरेन्द्र कोसले, सेंध (आरंग)



सौ.कां.इन्द्राणी धीवर, सारखी (अभनपुर) संग चि.कौशल तारक, चंडी (अभनपुर)

*उपहार में दिए जाएंगे घर गृहस्थी के सामान एवं जेवर- दुल्हे- दुल्हन की गाड़ियां एक साथ जब शहर में निकलेगी तो अनेकों समाज के लोग बारात का स्वागत करने लालायित है। इसमें पारंपरिक बाजा, राउत नाचा, हनुमान की झांकी, राम दरबार की झांकी भी रहेगी। बेटियों को शादी में भांवर की साड़ी, चुनरी, सोने का मंगलसूत्र, चांदी की पायल, चांदी की बिछिया, नेकलेश हार, सिलाई मशीन, कूलर, आलमारी, बेड, सोफा, टी टेबल, मिक्सी, कुकर, वर वधु को हाथ घड़ी, दीवाल घड़ी, श्रृंगार समान, आयरन, बर्तन सेट, टिफिन, जग, स्टील पानी बोतल और प्रत्येक दुल्हन को 7 साड़ी, फोटो फ्रेम, सीताराम विवाह की तस्वीर, गद्दा सेट, बेडसीट कम्प्लीट का उपहार दिए जाएंगे। विवाह का पूरा रस्म पंडित कन्हैया तिवारी कराएंगे।*

### कार की टक्कर से बाइक चालक घायल

**महासमुंद**। सरायपाली में बैंक के सामने एक कार चालक ने बाइक चालक को ठोकर मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने बताया कि 27 दिसंबर को राजेश कुमार गुप्ता अपने मोटर सायकल से पीएनबी गए थे। जब वे वापस जा रहे थे तभी दोपहर करीब 2 बजे बैंक के सामने रोड में ब्रेजा कार क्रमांक सीजी 09 जेएच 2401 के चालक के चालक के द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मोटर सायकल को एक्सीडेंट कर दिया, जिससे राजेश गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें रायपुर के निजी अस्पताल में में भर्ती कराया गया है। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

**खबर संक्षेप**



## माता-बहनों को निडर बनाने के लिए आत्मरक्षा शिविर का समापन

**रायपुर।** मातृ शक्ति, माताओं-बहनों को निडर और सशक्त बनाने के लिए आयोजित सात दिवसीय निशुल्क आत्मरक्षा शिविर का समापन किया गया। यह शिविर देवेंद्र नगर स्थित गरबा ग्राउंड में लगाया गया था। इस अवसर पर साधु-संतों ने आशीर्वाद की वर्षा की। इस कार्यक्रम को संत महासभा के प्रदेश अध्यक्ष स्वामी राजेश्वरानंद, किन्नर अखाड़ा साध्वी सौम्या, उपाध्याय निराहार, वेद प्रकाश महाराज, आयोजक विजय क्षत्री द्वारा अपने पिता स्व. लालचंद क्षत्री की स्मृति में आयोजित किया है। सहयोगी टीम झूलेलाल नवयुवक संघ है। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि उनके द्वारा देखा सपना सच हुआ और प्रथम शिविर सफल हुआ था, उसके बाद द्वितीय शिविर आयोजित किया गया है। हम सभी 24 घंटे अपनी माता, बहन-मातृशक्ति के साथ नहीं रहते, इसके लिए हमें हमारे परिवार की हर मातृशक्ति को निडर, सक्षम, बनाने के लिए शिविर के आयोजन किए जाते हैं और सनातन धर्म संस्कृति से भी आज की युवा पीढ़ी अवगत हो, ये भी प्रयास रहता है। उन्होंने बताया कि विशेष सहयोगी विजय क्षत्री, विश्व हिंदू परिषद- बजरंग दल, चैंबर ऑफ कॉमर्स, युवा छग सिंधी पंचायत, झूलेलाल नवयुवक संघ, सनातनी हिंदू सिंधु युवा आदि हैं।

## उपन्यास 'मोड़ के बाद' का विमोचन हुआ

**रायपुर।** वृंदावन हॉल सिविल लाईन रायपुर में पूर्व एडी. कलेक्टर निर्मल तिग्गा द्वारा लिखित पुस्तक मोड़ के बाद का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश गनपत राव एवं अध्यक्षता विजय एक्का ने की, विशिष्ट अतिथि पूर्व राजस्व सचिव अनूप श्रीवास्तव तथा पूर्व डीआईजी किशोर अग्रवाल थे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के बीस जिलो से साहित्य में रूचि रखने वाले प्रतिनिधियों ने भाग लिया। पुस्तक की विस्तृत विवेचना साहित्यकार के.पी. सक्सेना ने की, उन्होंने कहा कि पुस्तक इतनी रोचक है कि कोई इसे पढ़ना प्रारंभ करता है तो वह व्यक्ति अंत तक पुस्तक को पढ़ने के लिये विवश सा हो जाता है। इस अवसर पर भूलनकांदा फिल्म के लेखक–डायरेक्टर, साहित्यकार संजीव बक्शी ने अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि पुस्तक मोड़ के बाद आदिवासी संस्कृति की एक मार्मिक और स्नेहित गाथा है। पुस्तक के लेखक निर्मल तिग्गा ने कहा कि इस उपन्यास में आदिवासी अंचल के एक व्यक्ति की यथार्थ घटना है, जिसे काल्पनिक नाम देकर उकेरने का प्रयास किया है। किशोर अग्रवाल ने कहा कि यह उपन्यास अत्यंत रोचक है, आदिवासी अंचल की रीतियो, भारतीय संस्कृति और वेदो की उक्तियो से ओत–प्रोत है और यथार्थ घटना को उपन्यास का रूप देने का कल्पनातीत एवं अनुपम कार्य किया गया है।

## स्वामी आत्मानंद कॉलेज अटारी में वार्षिक क्रीड़ा स्पर्धा



**रायपुर।** स्वामी आत्मानंद कॉलेज अटारी में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. समरेंद्र सिंह एवं अभया जोगलेकर ने किया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतर्गत कॉलेज स्टॉफ की गोला फेंक प्रतियोगिता हुई, तथा विद्यार्थियों के लिए एथलेटिक्स, व्हॉलीबॉल, टेबल टेनिस, बैडमिंटन आदि प्रतियोगिताएं रखी गईं, जिसमें व्हॉलीबॉल में बीएससी संकाय ने प्रथम, बीसीए संकाय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यह जानकारी कॉलेज के क्रीड़ा अधिकारी प्रकाश चंद्रवंशी ने दी।

# पीएससी का इंग्लिश प्रेम..! मात्र 13 विषय के प्राध्यापकों को बुलाया सत्यापन के लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

विवादों से जूझ रहा छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग अपनी गलतियां बार-बार दोहरा रहा है। इससे प्राध्यापक पद के दावेदार हलाकान हो गए हैं। उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत 30 विषयों में प्राध्यापकों के 595 पदों के लिए भर्ती निकाली गई थी।

इन पदों के दावेदारों का दस्तावेज सत्यापन पीएससी द्वारा करते हुए आगे की प्रक्रिया पूर्ण की जानी थी, लेकिन पीएससी को इंग्लिश सहित कुछ विषयों से ऐसा प्रेम हुआ कि इनके अतिरिक्त अन्य विषयों के उम्मीदवारों को बुलाना तो दूर अधिसूचना जारी करना भी राज्य लोक सेवा आयोग भूल बैठा। दस्तावेज सत्यापन की यह प्रक्रिया पहले से ही विवादों में रही है। पीएससी ने सर्वप्रथम 2 से 16 दिसंबर तक सभी 30 विषयों के उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया था। विशेषज्ञ ना होने के कारण प्रथम दिवस चार घंटे में एक भी उम्मीदवार के दस्तावेज जांचे नहीं जा सके थे। इसके बाद पीएससी ने इसे रद्द कर दिया था। पुनः अधिसूचना जारी करते हुए पीएससी ने 13 विषयों के 255 उम्मीदवारों को 10 से 17 दिसंबर तक डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए बुलाया। इन 13 विषयों के अलावा शेष विषयों के उम्मीदवार अब भी बुलावा मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

**उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत 30 विषयों में प्राध्यापकों के 595 पदों पर होनी है भर्ती**




- मात्र 13 विषयों में ही दस्तावेज सत्यापन, शेष के लिए अधिसूचना भी नहीं
- हिंदी-वेद वाले अभ्यर्थी ताक रहे राह, लोक सेवा आयोग ने भुलाया

### नहीं मिल रहे हैं विशेषज्ञ

अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, पीएससी को प्राध्यापक पद के उम्मीदवारों के लिए दस्तावेज का सत्यापन करने विशेषज्ञ नहीं मिल रहे हैं। प्राध्यापक पद के लिए रिसर्च वर्क सहित अन्य अकादमिक कार्यों की गणना होती है। रिसर्च प्रकाशन सहित अन्य कार्यों के स्तर के अनुसार उनके लिए अंक निर्धारित होते हैं। इन अंकों का निर्धारण करने के लिए पीएससी को विशेषज्ञ नहीं मिल रहे हैं। पूर्व में भी पीएससी को एक्सपर्ट नहीं मिलने के कारण ही दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया स्थगित करनी पड़ी थी। बाद में पीएससी ने प्रक्रिया बदलते हुए ऑनस्पॉट सत्यापन करने के स्थान पर अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रपत्र में जानकारी देने कहा था।

### इन विषयों का सत्यापन पूर्ण

अंग्रेजी, माइक्रोबायोलॉजी, लोक प्रशासन, प्राचीन भारतीय इतिहास, बायोटेक्नोलॉजी, सैन्य विज्ञान, ज्योतिष, दर्शनशास्त्र, मानवशास्त्र, इतिहास, संस्कृत, विधि एवं गृह विज्ञान।

### इन विषयों के उम्मीदवार कर रहे इंतजार

हिंदी, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, भूगोल, भौतिक शास्त्र, गणित, रसायन शास्त्र, वनस्पति शास्त्र, प्राणीशास्त्र, कंप्यूटर साइंस, कंप्यूटर एप्लीकेशन, भूगर्भशास्त्र, वाणिज्य शास्त्र, मनोविज्ञान, वेद और सूचना प्रौद्योगिकी।

### दिसंबर में नान ट्रेड 40 और खुले बाजार का सीमेंट 20 रुपए पहले ही कर चुके हैं महंगा

# नए साल में नॉन ट्रेड और खुले बाजार का सीमेंट 15-15 रुपए और होगा महंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

नए साल में प्रदेश की सीमेंट कंपनियां नान ट्रेड और खुले बाजार का सीमेंट 15-15 रुपए और महंगा करने वाली हैं। ऐसे में नान ट्रेड सीमेंट 55 रुपए और खुले बाजार का सीमेंट 35 रुपए महंगा हो जाएगा। दरअसल छत्तीसगढ़ की सीमेंट कंपनियां पूरी तरह से बेलगाम हो गई हैं। जब मर्जी होती है, सीमेंट की कीमत बढ़ा देती हैं, जब मर्जी होती है, कीमत कम कर देती हैं।

प्रदेश सरकार ने दाम बढ़ाने से पहले कारण बताते हुए मंजूरी लेने के भी निर्देश दिए हैं, इसके बाद भी कंपनियां सरकार की इजाजत लिए बिना ही दाम बढ़ा दे रही हैं और फिर कम भी कर दे रही हैं। बीते चार माह से यही सब चल रहा है। अब तो सप्लाई भी कम कर दी गई है। बाहर के राज्यों में भरपूर सीमेंट भेजा जा रहा है, लेकिन छत्तीसगढ़ में जितने की जरूरत है, नहीं दिया जा रहा है।

बीते माह नवंबर में भी एक बार दाम बढ़ाए गए। हरिभूमि में खबर का प्रकाशित होने के बाद सरकार के एक्शन के डर से दाम कम किए गए। अब फिर से खुले बाजार के सीमेंट के दाम जहां 20 रुपए बढ़ाए गए हैं, वहीं सरकारी काम में आने वाले नॉन ट्रेड सीमेंट के दाम 40 रुपए बढ़ा दिए गए हैं। अब फिर से दाम बढ़ाने की तैयारी है। ऐसे में खुले बाजार का सीमेंट जहां थोक में 305 से 320 रुपए हो जाएगा, वहीं यह चिल्हर में 330 से 350 रुपए में बिकेगा।



### दाम पर कोई अंकुश नहीं

सीमेंट कंपनियों के दाम बढ़ाने पर प्रदेश सरकार का अंकुश नहीं है। यही वजह है कि कंपनियों की जब मर्जी होती है, दाम बढ़ा देती हैं। इस बार सितंबर में कंपनियों ने खुले बाजार के साथ ही नॉन ट्रेड सीमेंट के दाम 50-50 रुपए बढ़ा दिए थे। इसके बाद जहां हरिभूमि ने लगातार खबरों का प्रकाशन किया, वहीं चौतरफा राजनीतिक दबाव के बाद अंततः प्रदेश सरकार ने कंपनियों के साथ बैठक की। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के साथ बैठक में यह तय किया गया कि कंपनियां बढ़े हुए पूरे दाम वापस लेंगी और भविष्य में दाम बढ़ाने से पहले इसका कारण प्रदेश सरकार को बताते हुए पहले मंजूरी लेंगी।

### चिल्हर में दाम हो जाएंगे साढ़े तीन सौ


सीमेंट कंपनियों ने इस माह खुले बाजार के सीमेंट के दाम 20 रुपए बढ़ाए। अगले माह दाम फिर से 15 रुपए बढ़ने पर बिल्डिंग मटेरियल का काम करने वाले इस समय अलग-अलग कंपनियों का सीमेंट थोक में 60 बोरी लेने पर 295 से 320 रुपए हो जाएगा। इसमें तीन रुपए प्रति बोरी अनलोडिंग का शुल्क अलग है। इसी के साथ एक टन का भाड़ा भी दो सौ रुपए लिया जाता है। अगर कोई ग्राहक चिल्हर में दो से पांच बोरी सीमेंट लेगा तो उसके घर की दूरी के हिसाब से कीमत 330 से 350 रुपए तक हो जाएगी।

### दाम कम ज्यादा करने का खेल

सीमेंट कंपनियों ने नवंबर में प्रदेश सरकार से पूछे बिना ही माह से तीसरे सप्ताह में दाम 5 से 15 रुपए तक बढ़ा दिए। इसके बाद जब हरिभूमि में खबर प्रकाशित हुई तो सीमेंट कंपनियों में इसको लेकर हड़कंप मच गया कि प्रदेश सरकार उन पर एक्शन ले सकती है। ऐसे में कंपनियों ने धीरे-धीरे कर अंततः बढ़े हुए 15 रुपए दाम वापस ले लिए। इसी के साथ कंपनियों ने पहले के बढ़े हुए 50 रुपए के दाम में से जो पांच रुपए बचे थे, उसे भी वापस ले लिया। इसी के साथ नॉन ट्रेड में भी पांच से दस रुपए दाम कम किए गए। इसके बाद दिसंबर में फिर से दाम बढ़ाए गए और अब नए साल में फिर से दाम बढ़ाने की तैयारी है।

# कैट ने की क्विक कॉमर्स कंपनियों पर निगरानी लागू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




- नियम-कानून के उल्लंघन पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल से हस्तक्षेप का आग्रह

कैट के पदाधिकारियों ने केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को पत्र भेजकर क्विक कॉमर्स कंपनियों पर निगरानी लागू करने की मांग की है। साथ ही इन कंपनियों पर विदेशी निवेश के जरिए प्राप्त धन का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन ने बताया, कैट ने रविवार को केंद्रीय वाणिज्य मंत्री को एक पत्र भेजकर उनका ध्यान इस ओर आकर्षित कराया है।

कैट ने कुछ दिन पहले इस मुद्दे पर एक श्वेतपत्र भी जारी किया था, जिसकी एक प्रति श्री गोयल को भी भेजी है। कैट इस संबंध में सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को भी एक पत्र के साथ श्वेतपत्र भेज रहा है। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी ने कहा कि व्यापारिक हित के इस मुद्दे को लेकर शीघ्र ही वे व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल लेकर श्री गोयल से मिलेंगे। इस मुद्दे सहित अन्य ज्वलंत व्यापारिक विषयों को लेकर कैट 6 और 7 जनवरी को दिल्ली में दो दिवसीय राष्ट्रीय व्यापारी सेमिनार आयोजित कर रहा है।

### डॉर्क स्टोर से सामान सप्लाई गलत

श्री पारवानी ने बताया कि क्विक कॉमर्स कंपनियों ने एफडीआई के जरिए 54 हजार करोड़ रुपए से अधिक धनराशि प्राप्त की है, जबकि इस निवेश का उपयोग न तो बुनियादी ढांचा निर्माण में किया, न ही दीर्घकालिक परिसंपत्तियों में। इस एफडीआई का उपयोग व्यापार करने में हो रहे घाटे को कवर करने, सप्लाई चेन पर नियंत्रण रखने और कुछ अपने चुनिंदा विक्रेताओं के माध्यम से डीप डिस्काउंट दिए जाने के लिए किया गया है, जो कि बेहद आपत्तिजनक है। उन्होंने कहा कि इन कंपनियों ने सैकड़ों की तादाद में देश में विभिन्न स्थानों पर अपने डार्क स्टोर बनाए हैं, जिनके जरिए ये सामान की सप्लाई करती हैं, जबकि नियमों के अनुसार ये कंपनियां किसी भी रूप में कोई स्टोर नहीं बना सकतीं।

# गायत्री महायज्ञ में आधे मूल्य पर उपलब्ध होगी साहित्य की किताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



3 से 6 जनवरी 2024 तक आयोजित होने जा रहे राष्ट्र जागरण 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस आयोजन में युग ऋषि वेदमूर्ति तपोनिष्ठ आचार्य पंडित श्रीराम शर्मा द्वारा लिखित 3200 से अधिक पुस्तकों को आधे मूल्य पर उपलब्ध कराया जाएगा। इन पुस्तकों को ज्ञान प्रसाद रूपी साहित्य के रूप में ब्रह्म भोज के अंतर्गत वितरित किया जाएगा। शास्त्रों में ब्रह्म भोज, यानी ज्ञान का भोज, को विशेष महत्व दिया गया है। यह प्रीति भोज, मृतक भोज और पितृ भोज जैसे अन्य भोजों से अलग है। ब्रह्म भोज के माध्यम से ज्ञान का प्रसार होता है, जो आत्मिक शांति और सुख का मार्ग प्रशस्त करता है। इस आयोजन का उद्देश्य जनसामान्य तक ज्ञान का प्रकाश पहुंचाना है। अखिल विश्व गायत्री परिवार, जिला गरियाबंद द्वारा इस पुनीत कार्य को सफल बनाने के लिए दानदाताओं और श्रद्धालुओं से सहयोग का आह्वान किया गया है।

**सहभागिता का आह्वान-** गायत्री परिवार, जिला गरियाबंद के जिला समन्वयक टीकम राम साहू, संगठन प्रमुख रोमन चंद्राकर, और मीडिया प्रभारी पुरुषोत्तम यादव ने आह्वान किया है कि अधिक से अधिक लोग इस महायज्ञ में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि यह अवसर न केवल ज्ञान प्रसार का है, बल्कि अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति और मोक्ष के लिए भी योगदान का माध्यम है। पुनीत कार्य में शामिल होने और ब्रह्म भोज के लिए संपर्क करने हेतु तीनों आयोजकों के फोन नंबर जारी किए गए हैं। श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि वे इस आयोजन में भाग लें और पुण्य के भागी बनें।

## छतीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ के पदाधिकारियों की नियुक्ति









**पांडुका।** छतीसगढ़ीया सर्व समाज महासंघ प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने संगठन का विस्तार किया एवं नई जिम्मेदारी के रूप में पदाधिकारी को दिया। इसमें महामंत्री, मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता प्रमुख रूप से है। समाज के हित एवं संगठन के अनुरूप कार्य करने के लिए तथा संगठन के ढांचा को सुधारने एवं आगे बढ़ाने के लिए आपको निम्न पदों पर नियुक्त किया गया है। आशा के अनुरूप छत्तीसगढीया समाज को जोड़ने का काम करें। उमाकांत वर्मा मनवा कुर्मी समाज महासचिव प्रशासन, नरेश रजवाडे रजवाडे समाज, महामंत्री संगठन गगन कुम्भकार प्रजापति कुम्हार समाज मिडिया प्रभारी, दिनेश निर्मलकर, धोबी समाज प्रवक्ता, यशवंत यादव यादव समाज प्रवक्ता, छत्तीसगढ़ीया सर्व समाज महासंघ से जुडे समस्त प्रदेशाध्यक्ष महासंघ के पदेन उपाध्यक्ष होंगे। अन्य नियुक्ति समाज से प्राप्त प्रस्तावित नामों के आधार पर बाद में किया जायेगा। नव नियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि जो समाज में जिम्मेदारी दी है उनका ईमानदारी से पालन किया जाएगा। साथ ही साथ सभी समाज प्रमुखों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया है। नव नियुक्त पदाधिकारीयों को समाज के लोगों ने बधाई दी है।

# फरवरी में नगरीय निकाय चुनाव की संभावना, मतदाता सूची का प्रकाशन 15 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी होने के बाद चुनाव के लिए इंतजार करना पड़ सकता है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी को होगा, इसके बाद ही राज्य में आचार संहिता लगेगी। ऐसे में अब संभावना जताई जा रही है कि फरवरी महीने में नगरीय निकाय चुनाव हो सकते हैं। 15 जनवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा, जिस कारण यह तय है कि प्रदेश के ऐसे निकाय, जहां चुनाव होना है, वहां प्रशासक का बैठना तय है। वहीं फरवरी महीने में अगर पंचायत चुनाव नहीं होते हैं तो प्रशासक की नियुक्ति करनी होगी। नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचन के लिए नए सिरे से मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। 1 जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं को भी वोट डालने का मौका मिलेगा, जिनका पुरानी मतदाता सूची में नाम छूट गया था। राज्य निर्वाचन आयोग ने निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी किया है। नए शेड्यूल के अनुसार, नगरीय निकायों और पंचायतों के मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी 2025 को किया जाएगा।




### नगरीय निकायों में थे 43.90 लाख मतदाता

पूर्व में राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय चुनाव के लिए 10 दिसंबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया था। अंतिम प्रकाशन में नगरीय सभी जिलों के नगरीय निकायों में 43 लाख 90 हजार से अधिक मतदाता थे। अब नए सिरे से पुनरीक्षण के बाद इसमें वृद्धि होने के अनुमान हैं। बताया जाता है कि पंचायत चुनाव के लिए पूर्व में 1.45 करोड़ मतदाता होने की जानकारी सामने आई थी, पुनरीक्षण के बाद इसमें और वृद्धि होने की संभावना है।

# संस्था की पहल, सड़क दुर्घटना से बचाने के लिए मवेशियों और कुत्तों को पहनाया रिफ्लेक्टिव कॉलर

**रतन टाटा की जयंती पर रिफ्लेक्टिव कॉलर ड्राइव का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

स्ट्रे कीपर्स-एनिमल वेलफेयर फाउंडेशन ने कई स्थानीय एनिमल एक्टिविस्ट के साथ मिलकर प्रसिद्ध उद्योगपति और परोपकारी दिवंगत रतन टाटा की जयंती के उपलक्ष्य में एक सफल रिफ्लेक्टिव कॉलर (रेडियम) ड्राइव का आयोजन किया।

इस अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना था, जिसमें आवारा मवेशियों और कुत्तों को रिफ्लेक्टिव कॉलर पहनाकर रात के समय वाहनों के लिए उनकी दृश्यता सुनिश्चित की गई। डायरेक्टर डॉ. दीपशिखा का कहना है कि आंकड़ों को देखें तो भारत में हर मिनट एक मौत एक्सिडेंट से होती है, यह रेडियम का पट्टा अंधेरे में गाड़ी की लाइट पड़ते ही चमकने लगेगा, गाड़ी चलने वाले को मवेशी दिखेंगे और एक्सिडेंट से रोका जा सकेगा। इस अभियान के तहत 300 कुत्तों और 300 गायों को रिफ्लेक्टिव कॉलर पहनाए गए।

टाटीबंध, रिंगरोड 3 बिलासपुर हाइवे, न्यू रायपुर, सेजबहार धमतरी रोड और आरंग हाईवे समेत कई स्थानों पर जाकर जानवरों को खुद कॉलर पहनाए। डायरेक्टर डॉ. अवंतिका ने भी इस ड्राइव में भाग लिया और आसपास के लोगों को इसकी अहमियत समझाई, उन्हें बताया कि इस पहल से इंसान और जानवर दोनों की जान बचाई जा सकती है।

### कुत्तों को ठंड से बचाने के लिए बोरा बेड बांटे

ठंड से कुत्तों को बचाने के लिए बोरा बेड और ड्रम बेड निशुल्क वितरित किए गए, जो विशेष रूप से पिल्लों के लिए उपयोगी साबित हुए। इस वितरण को स्वयंसेवकों का भारी समर्थन मिला, जिन्होंने इसे सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की। डॉ. मोनिका का कहना है कि रोड पर जानवरों की बहुत दयनीय स्थिति रहती है, वे भूखे-प्यासे गर्मी, बारिश, ठंड में भटकते हैं। हम सभी को मिलकर उनका ध्यान रखना चाहिए, यह हमारी जिम्मेदारी है। यह आयोजन रायपुर में सभी एनिमल एक्टिविस्ट के सामूहिक प्रयासों को उजागर करता है, जो आवारा जानवरों की सुरक्षा और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया और समुदाय से ऐसी नेक पहल को समर्थन देने की अपील की।



## पेज 9 के शेष...

### ओढ़ आमामोरा के...

है इन दोनों ग्राम पंचायतों में सबसे बड़ी समस्या यह है कि आजादी के सात दशक बाद भी बिजली की रौशनी नहीं पहुंची है। गांव में सौर उर्जा प्लांट लगाया गया है लेकिन वह जर्जर हो गया है इसके देख रेख करने वाला क्रेड़ा विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया जाता जिसके कारण महज शाम के समय दो घंटा जलने के बाद पूरी रात ग्रामीणों को लालटेन चिमनी एवं लकड़ी के अलाव जलाकर गुजारा करना पड़ता है जबकि यहा क्षेत्र घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र के साथ ही हाथी प्रभावित क्षेत्र के रूप में जाना जाता है और यहां अनेक प्रकार के हिंसक वन्यप्राणी भी पाया जाता है।

### 10 वर्षों से लंबित...

ही उक्त कार्य पूर्ण किये जाने में न्यायालयीन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण प्रेमकुमार सोनवाने, रेणुप्रसाद गिलहरे, देवलाल ठाकुर, गोकुलराम ध्रुव, बालकृष्णा सोनवानी, हीरासिंह ध्रुव एवं दामोदर सोनवानी का सराहनीय योगदान रहा।

### ग्राम कुडेरादादर...

अधूरा पड़ा है, ज्ञात हो कि ग्राम कुडेरादादर में एक ही जगह पर दो बीट गार्ड आवासीय भवन का निर्माण किया जा रहा है, उसमें एक कुडेरादादर और एक कनफाड क्षेत्र का है। मालूम हो कि जिस समय तेंदुए का लोकेशन कुडेरादादर के आसपास दिखाई दे रहा था उस समय वन विभाग के उच्च अधिकारी कुडेरादादर आने पर वन समिति के पदाधिकारी के द्वारा इस आवासीय भवन के बारे अवगत कराया गया कि यहां भवन दो सालों से अधूरा पड़ा हुआ है। उसके बाद भी आज पर्यान्त तक निर्माण एजेंसी के द्वारा यहां भवन का अधूरा निर्माण अब तक क्यों पूर्ण नहीं कराया गया है। प्रभारी वन परिक्षेत्र अधिकारी दुर्गा दीक्षित ने कहा कि आबंटन आया था वहां खत्म हो गया फिर आऐगा तो निर्माण का कार्य किया जाएगा। जबकि छुरा वन विभाग परिक्षेत्र में यही आवासीय भवन बीट में बनकर तैयार हो गया है, और परसुली वन परिक्षेत्र में एक भवन के लिए दूसरा आबंटन आने के लिए इंतजार कर रहा है। भाजपा युवा नेता भुवेन्द्र मरकाम ने कहा कि इस पुरे मामले की जांच होनी चाहिए ताकि अगर कहीं भ्रष्टाचार हुआ है, तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। प्रभारी वन परिक्षेत्र अधिकारी दुर्गा दीक्षित परसुली रेंज ने कहा की आबंटन आऐगा तो निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। केके सोनी डिप्टी रेंजर पीपरछेडी सर्कल परसुली रेंज ने कहा की यहां कार्य आने वाले मार्च तक पूर्ण हो जाएगा।

## खबर संक्षेप



### देवगांव में हुआ कवि सम्मेलन

**छुईहा बेलर।** भगवताचार्य पंडित ऋषिकेश तिवारी के द्वारा पावन धरा देवगांव में रुपसिंग साहू के निवास स्थल में कथा स्थल मध्यांतर में हास्य कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें टीकम सेन दिवाकर के द्वारा सरस्वती वंदना, श्रवण कुमार प्रखर के द्वारा राम राज्य कैसे आयेगा, कमलेश कौशिक के द्वारा हास्य व्यंग कविता, मकसूदन लाल साहू बरीवाला के द्वारा बरी का कविता, नूतन लाल साहू के द्वारा छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया, लीला राम साहू के द्वारा छत्तीसगढ़ी कविता सुनाया गया। कवि सम्मेलन कार्यक्रम का संचालन छोटे छोटे चुटकुले के माध्यम से गोकुल सेन ने किया। इस अवसर पर बहुत बड़ी संख्या में श्रोतागण उपस्थित रहे।

### शिवानी के सीए बनने से ससुराल व मायके में खुशी की लहर

**बागबाहरा।** राजस्थान से चलकर सौ साल पहले छत्तीसगढ़ के विकासखंड बागबाहरा के सुदूर इलाके ग्राम पंचायत बोडरीदादर में रानीलाल जैन का परिवार आ बसे। यहां चार भाइयों का भरापूरा परिवार दिन दूना, रात चौगुना तरक्की दर तरक्की करते हुए आगे बढ़ते गए। उस परिवार की तीसरी पीढ़ी अब गांव से विभिन्न शहरों में जैसे खरियाररोड, बागबाहरा, महासमुंद में व्यवसाय प्रारंभ कर सफलता का मुकाम अर्जित कर रहे है। इसी क्रम में शिवानी धर्मपत्नी मिशाल सांखला जैन एमबीए, पौत्र वधू नेमीचंद अमृत देवी सांखला बोडरीदादर, पुत्र-वधू राजकुमार ममता सांखला, सुपुत्री संतोष कांचन देवी लालवानी निगड़ी पुणे ने सीए बनकर अपने ससुराल एवं मायका दोनों परिवार को गौरवान्वित किया है। शिवानी के सीए बनने से दोनों परिवार में खुशी की लहर है। यहां यह बताना जरूरी है कि इस परिवार के तीन बेटियां सपना त्रिलोकचंद सांखला, गूंजा महावीर चंद सांखला, रोशनी हेमंत कुमार सांखला पूरे छत्तीसगढ़ में पंडित रविशंकर शुक्ल महाविद्यालय रायपुर से गोल्ड मेडिलिस्ट बन चुके हैं।

# बुद्धिमान व्यक्ति को खोजने के लिए गीता में बहुत दूर जाने की आवश्यकता नहीं : ऋषिकेश

## कथा का गीता व्याख्यान एवं हवन पूर्णाहूति के साथ हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम देवगांव में 22 से 30 दिसंबर तक सामाजिक कार्यकर्ता रूपसिंग साहू हेमलता साहू, सालिक साहू, दुर्गा राम इन्द्राणी साहू परिवार द्वारा आयोजित भागवत ज्ञान यज्ञ सोमवार को व्यास पीठ से ऋषिकेश तिवारी महाराज द्वारा गीता पाठ का व्याख्यान किया गया। सर्वप्रथम पंडित जी ने कहा की जीवन में जितना अधिक बार हो गीता पाठ करें या श्रवण करें। उन्होंने कहा की शोक से ऊपर उठने वाले बुद्धिमान व्यक्ति को खोजने के लिए गीता में बहुत दूर जाने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि पितामह भीष्म स्वयं इसका आदर्श उदाहरण थे। वे एक ऐसे ऋषि थे जिन्होंने जीवन और मृत्यु के रहस्यों को समझा था, और परिस्थितियों के साथ स्विकार किया। व्यास पीठ से महाराज ने गीता के महत्व एंव वयाख्यान को आगे बढाते कहा कि भगवान के द्वारा कहे गए सोलहवें अध्याय के तेईस शोक की श्लोक में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं कि जो मनुष्य शास्त्रोक्त विधिक छोड़कर मनमाना आचरण करता है, वह न सिद्धि को, न सुख को और न ही परम गति को प्राप्त हो पाता है। भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को कर्तव्य का बोध कराते हुए कहा की तेरे लिए कर्तव्य अकर्तव्य की अवस्था में शास्त्र ही प्रमाण है। ऐसा जानकर तु इस लोक में शास्त्राविधि से नियत कर्तव्य कर्म करने योग्य है। एवं तुझे विधि के अनुसार कर्तव्य कर्म करने चाहिए। इस दौरान बेलर पूर्व उपसरपंच बेलर भाजपा नेता खोमन साहू, राधेश्याम साहू, नंदकुमार साहू, करण दास,पीलाचनंद टंडन,तेजराम साहू,भाजपा युवा तुलाराम साहू, देवा धुव, कपुर दास मानिकपुरी, पोखराज साहू, भीखम साहू, गजेन्द्र साहू, अध्यक्ष नमामि गंगे अशोक राजपुत, उपाध्यक्ष प्रदेश साहू संघ भुनेश्वर साहू,मकसुदन राम साहू , बरीवाला, तुलसी राम, रामाधिन साहू, अर्चना दिलिप साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश साहू व श्रोतागण उपस्थित थे।



### अंतिम दिन हवन -पूजन हुई

भागवत कथा आयोजन के अंतिम दिन हवन पूजन एवं पुर्णाहूति के साथ नौ दिन से चल रहे कार्यक्रम का समापन हो गया। मुख्य धारक ग्राम देवगांव निवासी अस्पताल के सहयोगी इलाज वाले व सामाजिक कार्यकर्ता रूपसिंग साहू उनके पत्नि हेमलता साहू, भाई सालिक साहू, दुर्गा राम इन्द्राणी उनके पिता साहू परिवार ने भावुक मन से कहा की आयोजन संपन्न होते तक प्रदेश क्षेत्र भर से वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, डाक्टर, सहयोगी मित्रगणों श्रोतागण मेरे नेवता स्वीकार कर सफल बनाने में योगदान दिया मै और मेरा परिवार अत्यंत अभारी है।



## जनदर्शन : समस्याओं के समाधान के लिए 28 आवेदन मिले

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनीं आम नागरिकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान सोमवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं, शिकायतें और मांगें कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने सुनीं। कार्यक्रम में 28 नागरिकों ने अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। इनमें भूमि विवाद, राशन कार्ड, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, वनाधिकार पट्टा, किसान सम्मान निधि, और अन्य मुद्दे शामिल थे। जनदर्शन के दौरान ग्राम देवरी के बिसहत साहू ने किसान सम्मान निधि दिलाने की मांग की। ग्राम मालगांव की परमिला बाई ने प्रधानमंत्री जनमन आवास उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। ग्राम पंचायत परसदा जोशी की तारणी साहू ने प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में नाम जोड़ने की अपील की। इसी प्रकार, ग्राम मेड़कीडबरी के किसानों ने नए ट्रांसफार्मर लगाने की मांग रखी, जबकि ग्राम कामेपुर और भैसामुड़ा के निवासियों ने कोदोकच्छार नदी पर लघु सिंचाई बांध (स्टॉपडैम) बनाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया। ग्राम बेलर के ऋतुराज साहू ने प्रधानमंत्री शिक्षित बेरोजगार व्यवसाय लोन दिलाने का अनुरोध किया, और ग्राम छिन्दौला की रुनिया बाई ने वन अधिकार पट्टा निरस्त करने का आवेदन दिया। ग्राम अतरमरा के जगदीश यादव ने करंट से पीड़ित व्यक्ति की मृत्यु पर आर्थिक मुआवजे की मांग की। ग्राम कोपरा के दयालू राम साहू ने धान बेचने के लिए टोकन में त्रुटि सुधार की अपील की, जबकि ग्राम जेंजरा की कुंभ बाई कंवर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राशि दिलाने का आवेदन किया।




### रसोइया पद पर नियुक्ति की मांग

ग्राम कोसमबुड़ा के गोपाल राम ने विवाह पंजीकरण और इससे संबंधित राशि दिलाने की मांग की। ग्राम सुरसाबांधा की सीताबाई साहू ने रसोइया पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने इन सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को शीघ्र और निष्पक्ष कार्रवाई करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने कहा कि सभी प्रकरणों का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके। जनदर्शन कार्यक्रम में नागरिकों की भागीदारी और उनकी समस्याओं के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता का स्पष्ट संदेश दिया गया।

# जिला जेल गरियाबंद का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

सर्वोच्च न्यायालय तथा बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली से प्राप्त निर्देशानुसार जेलों में निवासरत बंदियों का उम्र सत्यापन कराया जाना है। उम्र निर्धारण के संबंध में संदेह अथवा प्रक्रियागत त्रुटि के कारण बच्चे जेलों में निरूद्ध हो जाते हैं। जिनके उम्र का सत्यापन करने हेतु अधिवक्ताओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के पैनल को सम्मिलित कर जेलों का निरीक्षण प्रत्येक त्रैमास में किया जाता है। उक्त निर्देश के परिपालन में अशोक कुमार पाण्डेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग जिला-गरियाबंद के निर्देशानुसार एवं दीपा शाह जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी तथा अनिल द्विवेदी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई के मार्गदर्शन में आज जिला जेल गरियाबंद का जेल निरीक्षण समिति द्वारा निरीक्षण किया गया। समिति में शामिल सदस्य शीला यादव सामाजिक कार्यकर्ता, कृष्ण कुमार शर्मा सामाजिक कार्यकर्ता, हेमराज दाऊ अधिवक्ता एवं शरदचंद निषाद विधिक सह परिविक्षा अधिकारी के द्वारा जेल निरीक्षण किया गया। उप जेल गरियाबंद के सहायक जेल अधीक्षक व जेल प्रहरी एवं सालिक राम निषाद पंरालिगल वालिन्टियर निरीक्षण दौरान उपस्थित थे। निरीक्षण समिति द्वारा 06 बैरकों का निरीक्षण किया गया निरीक्षण समिति द्वारा प्रत्येक बंदियों से मुलाकात कर उनके वास्तविक आयु की जानकारी ली गई। जिसमें 02 बंदी ने बताया कि घर में हमारे बच्चों का देखभाल करने के लिए कोई नहीं है। जेल निरीक्षण समिति द्वारा बंदियों के बच्चों का देखभाल एवं संरक्षण करने के संबंध में उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया है।

# सौर सुजला योजना के लिए जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद




कलेक्टर दीपक अग्रवाल की अध्यक्षता में सौर सुजला योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के बेहतर क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति गठित कर प्रथम समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह अध्यक्ष रीता यादव, सदस्य उपसंचालक कृषि, सदस्य कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी एवं सदस्य सचिव सहायक अभियंता क्रेडा उपस्थिति थे। समीक्षा बैठक में सहायक अभियंता क्रेडा गरियाबंद द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्थापित होने वाले कुल सोलर सिंचाई पंप की जानकारी एवं जिला गरियाबंद को आंबटित लक्ष्य, वर्गवार अजजा, अजा, अपिव, सामान्य तीन एचपी, पांच एचपी क्षमता अनुसार शासकीय अनुदान की जानकारी विस्तारपूर्वक दिया गया एवं आवंटित लक्ष्य 150 के विरूद्ध 432 आवेदन कृषि विभाग से अनुमोदन के पश्चात क्रेडा विभाग को प्राप्त है। इसके अतिरिक्त 1500 से भी अधिक प्रकरण क्रेडा एवं पूर्व में योजनांतर्गत कार्यरत इकाईयों के पास उपलब्ध है। कलेक्टर ने वर्तमान में आंबटित लक्ष्य को बहुत कम बताते हुए लक्ष्य को और बढ़ाने के लिए शासन से मांग करने को कहा। इस दौरान क्रेडा विभाग के सहायक अभियंता ने बताया कि जिले में मैनपुर, देवभोग एवं छुरा विकासखंड में सिंचाई व्यवस्था विद्युत की उपलब्धता नहीं होने के कारण सोलर पंप स्थापना का कार्य के लिए कृषकों द्वारा अधिक आवेदन दिये जाते हैं। जिसके कारण इन विकासखण्डों में ज्यादा प्रकरण प्राप्त होता है। इस योजना के तहत तीन एचपी, पांच एचपी क्षमता के सोलर पंप स्थापना कार्य के लिए शासन द्वारा शासकीय अनुदान दिया जा रहा है तथा हितग्राही अंश राशि के रूप में अजजा, अजा, अपिव एवं सामान्य वर्ग के हितग्राही को क्रमश तीन एचपी क्षमता के सोलर पंप के लिये 7 हजार रुपए, 12 हजार रुपए, 18 हजार रूपये एवं पांच एचपी क्षमता के लिये क्रमशः 10 हजार रुपए, 15 हजार रूपये, 20 हजार रुपए अंशदान राशि जमा किया जाना होता है। इसके अतिरिक्त प्रोसेसिंग शुल्क तीन एचपी क्षमता के सोलर 3 हजार रूपये एवं पांच एचपी क्षमता के लिये 4 हजार 800 रुपए जमा कराना होता है।

# पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा ग्रामीण के तत्वावधान में गांधी चौक टीला में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देने राम नाम संकीर्तन के साथ सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी सरपंच गण एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर पर छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रवीण साहू ने सर्वप्रथम गांधी जी की प्रतिमा की पूजा-अर्चना एवं माल्यार्पण कर डॉ. मनमोहन सिंह जी छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने ईमानदारी के साथ भारत का नेतृत्व किया। उनकी विनम्रता और अर्थशास्त्र की गहरी समझ ने देश को प्रेरित किया। देश के वित्त मंत्री रहते हुए आर्थिक सुधार का कार्य किया। अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल में उन्होने देश की आम जनता गांव, गरीब, किसानों के लिए अनेक योजना बनाएं। मजदूरों को महात्मा गांधी रोजगार गारंटी के माध्यम से 100 दिन का अनिवार्य मजदूरी प्रदान करना, सरकार की योजनाओं को जानने का हक, सूचना के अधिकार एवं 6 साल से 14 साल के बच्चों को शिक्षा के अधिकार के तहत शिक्षा प्राप्त करने को सुनिश्चित कानून के माध्यम से किया गया। डॉ. मनमोहन सिंह ने अपने बुद्धि एवं कौशल से देश और दुनिया में आर्थिक सुधारों के नायक के रूप में जाना जाता था। कार्यक्रम में डामन साहू उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर, श्रवण चंद्राकर, गिरधारी साहू अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी नवापारा ग्रामीण, बिसेलाल साहू, प्रकाश माहेश्वरी, सतीश ध्रुव , तेजराम साहू, पुरषोत्तम साहू, रामसेवक साहू, रामकृष्ण यादव, कुंजलाल साहू, मोहन चंद्राकर, हरीश साहू, गिरिराज साहू, दयालु साहू, फुलदास मानिकपुरी, बसंत देवांगन, वेदप्रकाश पटेल, सरजू वर्मा, भीम देवांगन, गुहा साहू, द्वारिका चक्रधारी, ओझ राम साहू, पुसऊ साहू, घनश्याम वर्मा, कमलेश पटेल, विमल पटेल, भूषण विश्वकर्मा, नरेंद्र सोनी, अवध वर्मा, अजय साहू, शत्रुधन निषाद, नेहरू साहू, घनश्याम वर्मा उपस्थित थे।



### आदिवासी समाज ने मनाया शक्ति दिवस

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से 32 किलो मीटर दूर ग्राम जोबा में आदिवासी समाज द्वारा शक्ति दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और अपने संबोधन में लोकेश्वरी नेताम ने कहा की आज आदिवासी समाज के युवाओं को सबसे ज्यादा शिक्षा पर ध्यान देने की जरूरत है। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे।






## गुरु घासीदास बाबा की 268वीं मनाई गई जयंती

# बाबा ने मनखे-मनखे एक समान और सामाजिक समरसता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



ग्राम बारुला में सतनामी समाज के तत्वावधान में सतनाम धर्म के प्रवर्तक संत शिरोमणि परम पूज्य बाबा गुरुघासीदास की 268वीं जयंती का पावन उत्सव शनिवार को बड़े धूमधाम से मनाया गया। परम पूज्य बाबा गुरुघासीदास की शोभायात्रा के साथ जय स्तंभ परा पालो चढ़ाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विजय कंड्रा विधायक प्रतिनिधि अध्यक्षता आशा राम साहू सभापति, विशिष्ट अतिथि रामधार साहू पूर्व सरपंच सेंदर, मोती निसाद पूर्व सरपंच बिजली, दुजलाल बंजारे पूर्व जिला अध्यक्ष सतनामी समाज, बिसहत पारधी सरपंच बारुला, सुकदेव राम साहू, पूर्व उपसरपंच, ओमप्रकाश साहू सरपंच चरभट्टी, अश्वनी विश्वकर्मा प्राधिकृत, कमलेश साहू शामिल हैं। सतनामी समाज के द्वारा मंगल भवन, रंगमंच, गुरुघासीदास के जैतखाम को कुतुबमीनार स्वरूप देने के लिए मांग पत्र अतिथि को सौंपा गया। मुख्यातिथि ने विजय कंडर्रा ने कहा परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी के बताएं हुए मार्ग पर चलने सत्य ही मानव का आभूषण है मनखे मनखे एकसमान और सामाजिक समरसता का बाबा जी ने जो संदेश दिए है, उसे अपने जीवन में उतारने की बात कही। साथ ही विधायक प्रतिनिधि ने सतनामी समाज की विकास के कार्यो में किसी भी प्रकार के कमी नहीं आना चाहिए ऐसा संदेश के साथ मंगल भवन के लिए विधायक रोहित साहू से 10 लाख राशि दिलाने प्रयास करेंगे। पंथी नृत्य कलाकारों के द्वारा बहुत ही सुंदर मनमोहक प्रस्तुति दिया गया। वहीं रात्रिकालीन मंनोरंजन छत्तीसगढ़ी नाचा की सुंदर प्रस्तुति रही। कार्यक्रम में संचालन योगेश पराना के रामप्रसाद बंजारे बिसाहू राम पराना सचिव, गैंदू राम बंजारे भंडारी, रामप्रवेश बंजारे, गैंद राम टंडन, हेमू राम नवरंगे, लालजी, पराना पटेल, शांति राम धृतलहरे साटीदार, मनोहर जांगड़े, द्रोण पराना, उत्तम सोनवानी, सुरेंद्र सोनवानी, नंदकुमार मिरी, सुकदेव राम आंडे, दिलीप धृतलहरे, तुलसी राम राते, देशचंद टंडन, नीलकंठ नवरंगें, डिकेशचंद पराना, थानू राम मंडल, देवचन जांगड़े, टाकेश्वर राते, छबि राम राते, ऋतुकुमार आडे, ऋषि पराना, परमेश्वर बंधे, बाबूलाल मांडले, जगमोहन धृतलहरे, परदेशी राम एवं समस्त सतनामी समाज ग्राम पंचायत बारुला उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### मड़ई मेला में देवी सिंगार सामग्री की जमकर बिक्री

**मैनपुर।** धान कटाई के बाद क्षेत्र में मड़ाई मेला का दौरा प्रारंभ हो गया है और मड़ाई मेला में देवी देवताओं की विशेष पूजा अर्चना सिंगार किया जाता है जिसके कारण सप्ताहिक बाजार मैनपुर आज देवी सिंगार समाग्री बेचने ओड़िसा से लोग पहुंचे थे क्षेत्र में आज देवी सिंगार समाग्री की जमकर खरीदी किया गया। इस संबंध में देवी सिंगार समाग्री बनाने वाले राजाराम ने बताया कि धान कटाई के बाद देवी सिंगार समाग्री लाया जाता है जिसे बहुत नियम से बनाया जाता है।

### भाजपा ने एक साल में प्रदेश की जनता को किया निराश

**छुरा।** किसान कांग्रेस के अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य दीपक चन्द्राकर ने प्रदेश में भाजपा सरकार को एक वर्ष पूरा हो गया हैं। लेकिन उसने जनता को निराश ही किया है। किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी और एकमुश्त 3100 रुपये भुगतान के मामले में मोदी की गारंटी फेल हो गई। और जिले के विभिन्न मिडी में धान उठाव नहीं होने से क्षेत्र के किसानों परेशान हो गया हैं। श्री चन्दाकर ने आगे कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार के जनहितकारी योजनाओं को बंद करना भाजपा सरकार की उपलब्धि है।



### परतेवा में मड़ई 7 जनवरी को

**सुरसाबांधा।** समीपस्थ ग्राम परतेवा में 7 जनवरी को ग्रामवासियों के सहयोग से भव्य मड़ई मेला का आयोजन होगा। इन्दलू राम साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति परतेवा ने बताया कि रात्री में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी टीला कुम्हारी का कार्यक्रम रखा गया है।

### मोंहदा में डीजे डांस प्रतियोगिता आज

**मैनपुर।** ग्राम मोंहदा में रात 8 बजे से 31 दिसंबर को रात्रिकालीन डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसके लिए समस्त युवा- युवती बीचपारा द्वारा तैयारी किया जा रहा है।

### सरपंच पद का प्रभार देने सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत अछोला के सरपंच कमल नारायण साहू ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर उच्च न्यायालय बिलासपुर के आदेश का पालन करते हुए सरपंच पद का प्रभार देने की मांग की है। सौंपे गए पत्र में कहा गया है कि उच्च न्यायालय बिलासपुर (छग) द्वारा आदेश 20 दिसंबर 2024 के तहत अनुविभागीय अधिकारी, कलेक्टर, कमिश्नर के आदेशों को स्थगित कर दिया गया है।

## निधन

### जोहत राम

**सुरसाबांधा।** धूमा निवासी जोहत राम नगारची सेनि कोटवार 75 का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे भगोली, धनंजय व छन्नू लाल नगारची कोटवार के पिता थे। अंतिम संस्कार गांव के ही मुक्तिधाम में किया गया। परिजनों सहित कोटवार संघ के सदस्यों व ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



### पुसई साहू

**राजिम।** रावड़ के पुसई साहू उम्र 80 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में समाज एवं गांव के लोग शामिल हुए।



**बैठक : वार्षिक परीक्षा में बेहतर परिणाम के लिए करें अतिरिक्त मेहनत**

# पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से शत प्रतिशत करें लाभान्वित : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने सोमवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होंने विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तार से जानकारी ली और लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, सीपीग्राम, जनसमस्या निवारण शिविर और पीजीएन के तहत लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए इन पर तेजी से कार्य करने पर जोर दिया। कलेक्टर ने विद्यार्थियों के आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र बनवाने में आ रही समस्याओं पर चर्चा की और शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि ऐसे मामलों में राजस्व विभाग से समन्वय कर जल्द से जल्द प्रमाण पत्र बनाना सुनिश्चित करें। पीएमश्री स्कूलों के अपूर्ण निर्माण कार्यों को जल्द पूरा करने के लिए निर्देश दिए गए। उन्होंने अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणाम की समीक्षा करते हुए कहा कि वार्षिक परीक्षा में बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों को विद्यार्थियों के साथ अतिरिक्त मेहनत करनी चाहिए। जिन स्कूलों का अर्द्धवार्षिक प्रदर्शन कमजोर रहा है, वहां के शिक्षकों और प्रमुखों को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए।



### खरीदी केंद्रों और स्कूलों का करें नियमित निरीक्षण

आगामी 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों पर भी चर्चा की गई, और कलेक्टर ने इसे भव्य और अनुशासित तरीके से आयोजित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, सभी एसडीएम को धान खरीदी केंद्रों और स्कूलों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, अपर कलेक्टर प्रकाश राजपूत, नवीन भगत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### लंबित नियुक्तियों को पूर्ण करें

बैठक में आयुष्मान कार्ड के तहत सभी पात्र हितग्राहियों का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायत अभियान और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका की लंबित नियुक्तियों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के लिए कहा। कलेक्टर ने स्कूल जतन योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए इन्हें थर्ड पार्टी निरीक्षण के माध्यम से जांचने की बात कही। ग्राम पंचायतों के नोडल अधिकारियों को हर माह के दूसरे शनिवार को ग्रामों का निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त न करने की चेतावनी दी।

## 11 निर्माण कार्यों के लिए 1.1 करोड़ रुपए स्वीकृत

**गरियाबंद।** राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित की अनुशंसा पर कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने 11 निर्माण कार्यों के लिए 1 करोड़ एक लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जनपद पंचायत फिंगेश्वर अंतर्गत ग्राम पंचायत भैंसातरा अटल चौक में टिन शेड निर्माण के लिए 17 लाख रुपए, ग्राम पंचायत चरभट्ठी के ग्राम देवगांव में हनुमान मंदिर के पास टिन शेड निर्माण के लिए 5 लाख रुपए, ग्राम पंचायत श्यामनगर के ग्राम धुमा में हाई स्कूल पहुंच मार्ग सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख रुपए एवं छुरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अतरमरा में बाजार चौक के पास टिन शेड निर्माण के लिए 15 लाख रुपए, ग्राम पंचायत कुकदा में टिन शेड निर्माण के लिए 15 लाख रुपए, ग्राम पंचायत अमलोर गौठान के पास टिन शेड निर्माण के लिए 10 लाख रुपए, ग्राम पंचायत अकलवारा के ग्राम फिंगेश्वरी में टिन शेड निर्माण के लिए 15 लाख रुपए, ग्राम पंचायत सोरिदखुर्द में हाईमास्क स्ट्रीट लाईट के लिए 5 लाख रुपए, ग्राम पंचायत बिरनीबाहरा के ग्राम नागिनबाहरा में हाईमास्क स्ट्रीट लाईट के लिए 4 लाख रुपए, ग्राम पंचायत अमेठी के आश्रित ग्राम बनलोहझर एवं करपी में स्ट्रीट लाईट के लिए 5 लाख रुपए एवं ग्राम पंचायत देवरी में स्ट्रीट लाईट कार्य के लिए 5 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त निर्माण कार्यों के लिए क्रियान्वयन एजेंसी का दायित्व संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सौंपा गया है।



### 5 निर्माण कार्यों के लिए 33 लाख रूपए स्वीकृत

**गरियाबंद।** जिले के प्रभारी मंत्री तथा खाद्य नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री दयालदास बघेल की अनुशंसा पर बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने 5 निर्माण कार्यों के लिए 33 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जनपद पंचायत देवभोग अंतर्गत ग्राम पंचायत झिरीपानी में प्राथमिक शाला से तालाब जाने के मार्ग पर सीसीरोड निर्माण के लिए 2 लाख रुपए, जनपद पंचायत गरियाबंद अंतर्गत ग्राम काजनसरा में प्राथमिक शाला आहाता निर्माण के लिए 10 लाख रुपए एवं जनपद पंचायत छुरा अंतर्गत ग्राम कलमीदादर में सीसी रोड निर्माण के लिए 7 लाख रुपए, ग्राम छिंदौला में सीसी रोड निर्माण के लिए 7 लाख रुपए एवं ग्राम पंचायत कनसिंघी में सीसी रोड निर्माण के लिए 7 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त निर्माण कार्यों के लिए क्रियान्वयन एजेंसी का दायित्व संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सौंपा गया है।

## गौरघाट खरीदी केन्द्र में बारदाना की है कमी, किसानों ने जमकर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

मैनपुर क्षेत्र के धान खरीदी केन्द्रो में बारदाना की कमी और परिवाहन नहीं होने से किसानों को भारी परेशानी हो रही है। सोमवार को मैनपुर क्षेत्र के गौरघाट धान खरीदी केन्द्र में बारदाना की कमी को लेकर नाराज किसानों ने जमकर नारेबाजी किया और कहा की धान खरीदी केन्द्रों में तरह- तरह की परेशानी से किसान परेशान हो गए हैं। कभी टोकन कटने में भारी दिक्कत आ रही है तो कभी समय पर भुगतान नहीं हो पा रहा है और खरीदी केंद्रों में बारदाना भी नहीं दिया जा रहा है जिससे किसानों को भारी परेशानी हो रही है। समस्याओं का समाधान करने वाला कोई नजर नहीं आ रहा है। किसानों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। आज गौरघाट धान खरीदी केंद्र में किसान भागीरथी पटेल, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष एवं किसान रामकृष्ण ध्रुव, भुवन सिंह नेताम, खेलन साहू, भारत लाल, कोमल सिंह, चमरुराम, कोमल सिंह, भोलेश्वर नेताम, सुशील चन्द्रमरकाम, विशेषर देहारगुड़ा, हरदीभाठा, गौरघाट, गोपालपुर, दबनई क्षेत्र के किसानों ने जमकर नारेबाजी किया और बारदाना उपलब्ध नहीं होने से नाराजगीय व्यक्त किया। धान खरीदी समिति प्रबंधक गोपीराम नेताम ने बताया कि धान खरीदी केन्द्र गौरघाट में कुल 599 किसान है और अब तक 15332 क्वीटल धान की खरीदी हो चूका है उन्होने आगे बताया 1840 क्वींटल धान का परिवाहन हो पाया है बारदाना नहीं होने के कारण किसानों ने नाराजगीय व्यक्त किया है जिन्हे समझाया गया कि बारदाना की कमी है।



## गांव व क्षेत्र में जो भी कमी है, हम उसे दूर करने के लिए प्रतिबद्ध हैं : चंद्रशेखर साहू





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

श्यामनगर में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने विभिन्न कार्यो का लोकार्पण कर मौजूद ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी पंचायत प्रतिनिधियों के कार्यकाल का यह अंतिम दौर है, लेकिन आज इस कार्यक्रम के माध्यम से अभूतपूर्व विकास कार्यों का लोकार्पण किया जा रहा है, जो सभी के लिए यादगार क्षण बन गए हैं। श्री साहू ने कहा कि गांव व क्षेत्र में जो भी कमी है, हम उसे दूर करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत श्यामनगर का भी आखिरी कार्यक्रम है और इसे आप सभी के सहयोग से सफल बनाया है। आज हम सब मिलकर इस महत्वपूर्ण पल का हिस्सा बने हैं इसके लिए ग्राम पंचायत परिवार के आभारी हैं। श्री साहू ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय विकास के कार्य अवरुद्ध हुए थे जो अब भाजपा की सरकार में तीव्र गति से हो रहे हैं।

■ श्यामनगर में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण समारोह

### अनेक विकास कार्यों की मिली सौगात

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जनपद सभापति जगदीश साहू, जनपद सदस्य दीपक साहू, सरपंच ग्राम पंचायत श्यामनगर दुर्गा-छन्नू साहू, पंचगण व कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान ग्राम श्यामनगर व आश्रित ग्राम धुमा में अनेक विकास कार्यों की सौगात मिली। विकास कार्यों में प्रमुख रूप से सीसी रोड निर्माण हाईस्कूल धुमा, विधायक निधि से 5 लाख, टीना शेड निर्माण बाजार चौक धुमा, विधायक निधि 4 लाख व जिला पंचायत निधि 2 लाख, पेवर ब्लॉक मुक्तिधाम श्यामनगर, जिला पंचायत निधि 2.78 लाख, रंगमंच निर्माण कार्य डिपरापारा श्यामनगर, जिला पंचायत निधि 2 लाख तथा पानी टंकी निर्माण कार्य धुमा, जिला पंचायत निधि एक लाख रुपए के विकास कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर चितरंजन साहू, मदन साहू, पवन साहू, बिरेन्द्र वर्मा, चम्पेश्वर वर्मा, नेमीचंद वर्मा, तारणी वर्मा, वरुण साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## सुखम देवी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे विधायक एवं पूर्व मंत्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

पत्रकार लीलाराम साहू की माता सुखम साहू को श्रद्धांजलि अर्पित करने विधायक इंद्रकुमार साहू, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल साहू, उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, सीबी साहू, राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि पहुंचे।

## सेवा सहकारी समिति सोरिद खुर्द के नए अध्यक्ष उज्जवल ने पदभार ग्रहण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुड़ागांव(कोरासी)

सोमवार को आदिमजाति सेवा सहकारी समिति सोरिद खुर्द पंजीयन क्र 771 के अध्यक्ष के रूप में ग्राम गोंडलाबाहरा पंचायत प्रतिनिधि उज्ज्वल नागेश विधिवत पदभार ग्रहण कर किया। सर्व प्रथम समिति के प्रभारी प्रबंधक देवानंद सिन्हा द्वारा नव नियुक्त अध्यक्ष एवं उपस्थित सभी कृषक गण का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी छुरा के मंडल के पूर्व अध्यक्ष पीलूराम यादव, विशेष अतिथि अशोक पटेल जनपद सदस्य, पुष्पलता सिन्हा सभापति जनपद पंचायत छुरा उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन प्रभारी प्रबंधक ने किया। मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथियों ने अपने अपने विचार प्रकट किए। नवनियुक्त अध्यक्ष ने अपने पूरे कार्य काल को सभी कृषकों को साथ लेकर निर्वहन करने की बात कही। साथ ही किसी प्रकार की शिकायत नहीं आने देने उपस्थित सभी कृषकों को आश्वस्त किया। इस अवसर पर सहायक समिती प्रबंधक, केशर सिंहा समिती के सभी कर्मचारी, कृषक कैलाश साहू, सोमप्रकाश साहू, जगन्नाथ पांडेय, मनीराम यादव, खेलनबाई साहू, तुकाराम सिंहा, चैतराम ध्रुव, कृपाराम ध्रुव, दिलीप कुमार टंडन, चिंताराम साहू, घनश्याम ध्रुव, केशव यादव, राकेश टोडरे एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





### सामुदायिक भवन व सीसी सड़क के लिए भूमिपूजन

**फिंगेश्वर।** नगर पंचायत के वार्ड नंबर 12 में 6 लाख की राशि का सिन्हा समाज सामुदायिक भवन का भूमि पूजन किया गया। वहीं पर 5 लाख की राशि से सीसी रोड का भूमिपूजन किया गया। इसी प्रकार वार्ड नंबर 13 में 6 लाख के राशि का सीसी रोड का भूमि पूजन किया गया। नगर में इस प्रकार से हो रहे विकास को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव ने कहा कि जब से प्रदेश में विष्णु देव साय के सरकार बनी है तब से विकास की गंगा बहर रही है। विकास को लेकर विधायक रोहित साहू भी मांग के अनुरूप गांवों एवं नगरों को विकास की ओर अग्रसर कर रहे हैं जिसके तहत सोमवार को नगर में भूमिपूजन का कार्य संपन्न हुआ है। इस अवसर पर वार्ड 12 की पार्षद हेमा किरण सोनी, वार्ड 13 की पार्षद मंजू लता हरित, पार्षद दीपक श्रीवास, पार्षद नरेश लहरे, राजू साहू, मोनू गुप्ता, हरिशंकर श्रीवास्तव व वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर 29 दिसंबर को नगर के वार्ड क्रमांक 13 स्थित राजापारा रंगमंच श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में आयोजित शोकसभा में सदस्यों ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की आत्मा के शांति के लिए दो मिनिट का मौन रखा गया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह मृदुभाषी, सरल, विनम्र, सादगी व ईमानदारी के प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था को सुधारने में अहम भूमिका निभाई थी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पीसीसी के प्रदेश प्रतिनिधि यशपेंद्र शाह, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अब्दुल समद खान रिजवी, वरिष्ठ कांग्रेसी मक्खु दीक्षित, चन्दूमल नागदेव, रमेश शर्मा, समीम खान, हरीश यादव, सलीम मेमन, दिलीप बघेल, सुल्तान खान, अवधेश प्रधान, माहेश्वरी शाह, राजकुमारी सोनी, देवी ध्रुव, दशरथ चंद्राकर, लखनलाल यादव, जगदीश निर्मलकर, इंद्रजीत निर्मलकर, अखिल चौबे, संदीप सोनी, शैलेंद्र दीक्षित, एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष रितेश दीक्षित, अफजल खान, गोपाल यादव, रेनसिंग ध्रुव, मनोज निर्मलकर आदि लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से-18 अप्रैल से 24 अप्रैल 2025
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है.... सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि: स्लीपर-8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/ (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।



संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport